# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 23 फरवरी 2024

----

: [**शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा - विज्ञान एवं प्रावैधिकी खेल** ].

**कुल प्रश्न 33**

----

### मानदेय में वृद्धि

*115 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के मध्य विद्यालयों में नियोजन ईकाईयों द्वारा शारीरिक शिक्षा एंव स्वास्थ्य अनुदेशकों की नियुक्ति की गई है जिन्हें पारिश्रमिक के रूप में प्रतिमाह आठ हजार रूपये (Rs.8000) तथा वार्षिक वेतन वृद्धि दो सौ रूपये (Rs.200 )मानदेय प्रावधानित है;

(ख) क्या यह सही है कि लगभग 2250 कार्यरत उक्त अनुदेशकों को अन्य शिक्षकों की भाँति पूर्णकालिक रूप से कार्य लिया जाता लेकिन इन्हें "अंशकालीन अनुदेशक" के रूप में नामित किया गया है जो न्यायोचित नही है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूबे में नियोजन ईकाईयों द्वारा नियुक्त/कार्यरत अन्य कोटि के शिक्षकों की तरह इन शारीरिक शिक्षा एंव स्वास्थ्य अनुदेशकों को भी सक्षमता परीक्षा के आधार पर राज्य के सरकारी कर्मी के सद्वश सेवा – समायेजन करना चाहती है तथा तत्काल अल्प मानदेय में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यो ?

----

## दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई

***116 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिले के पताही प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर के समीप संचालित कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को राशि उपलब्ध होने के बावजूद कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं कराये गये;

(ख) क्या यह सही है कि हरसिद्धि प्रखंड परिसर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भी यही स्थिति है, जियके कारण पुराने गर्म कपड़ों से छात्राओं को काम चलाना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर गर्म कपड़े समय पर उपलब्ध कराने तथा इसके लिए दोषी व्यक्तियों पर कार्रावाई करने का विचार रखती है यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेडियम का निर्माण

***117 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिलान्तगर्त मैरवा प्रखंड के हरिराम हाई स्कूल में खेल का मैदान है;

(ख) यह सही है कि उसकी चाहरदिवारी एवं स्टेडियम निर्माण हेतु सरकार ने अनुदान दिया था;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्टेडिम का निर्माण कब तक करना चाहती है यदि नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

*118 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि दानापुर शहर अंतर्गत बलदेव उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना आज से 159 वर्ष पूर्व (1866 ई०सी० में ) की गई थी ;

(ख) क्या यह सही है कि इस विद्यालय ने बहुत सारे मेधावी छात्र, समाज एंव इस राज्य को दिए है;

(ग) क्या यह सही है कि जो विद्यालय ने इस राज्य को इतने कर्मठ छात्र दिए है, आज वह विद्यालय दुर्दशा एंव घोर उपेक्षा की शिकार है। इस विद्यालय का मूल भवन जर्जर अवस्था में है जिससे दुर्घटना की अशंका बनी रहती है ;

(घ) क्या यह सही है कि इस मूल भवन में ही अधिकांश छात्रों का पठन पाठन का कार्य होता है;

(ड़) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक इस विद्यालय के भवन का नव निर्माण करना चाहती है?

----

## नये भवन का निर्माण

*119 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले के वीरपुर अनुमंडल स्थिति एक मात्र सरकारी महाविद्यालय एल०एन०एम०एस० कॉलेज का भवन जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि जर्जर भवन के कारण पठन पाठन में कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एल०एन०एम०एस ० कॉलेज, वीरपुर, सुपौल के नए भवन के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाॅ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## डिग्री कॉलेज खोलने पर विचार

*120 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलन्तर्गत चनपटिया प्रखंड के कुमारबाग में इंजीनियरिंग कॉलेज , नवोदय विद्यालय , डायट कॉलेज उच्च विद्यालय, सेंट्रल स्कूल आदि होने के बावजूद यहां डिग्री कॉलेज की स्थपना अब तक नहीं की गई है जिससे आस

पास के चार प्रखंडों के बच्चों को उच्च शिक्षा में कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपरोक्त खण्डों (क) का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुमारबाग में डिग्री कॉलेज खोलना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## सुव्यवस्थित करने पर विचार

*121 **प्रो. (डा.) रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया के स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्य प्रेमी श्री अशर्फीलाल वर्मा के प्रयास एवं स्थानीय जन सहयोग से सन् 1938 ई०में पूर्णिया पुस्तकालय का स्थापना हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि सन् 1952 ई में राज्य सरकार द्वारा इसे अंगीकृत किया गया और इसे जिला पुस्तकालय का दर्जा दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि आज इस जिला–पुस्तकालय का भवन जर्जर हो गया है और बरसात में भीगंने के कारण पुस्तकें नष्ट हो रही है;

(घ) क्या यह सही है कि इसे जिला –पुस्तकालय का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद यहाँ कर्मचारियों की कमी है जिसके कारण संचालन में कठिनाई आ रही है;

(ड.) यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसे सुव्यवस्थित करने के लिए कबतक कार्रवाई करना चाहती है ?

----

## मैदान का जिर्णोद्धार

*122 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है की नवादा जिला के रजौली इंटर विद्यालय अवस्थित एक खेल मैदान है,जो की विद्यार्थीयों को खेल में बढ़ावा के लिए मैदान को सुव्यवस्थित हेतु जिर्णोद्धार किया जा सकता

(ख) यदि उपरोक्त खंण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार विद्यार्थीयों को खेल में बढ़ावा देते हुए रजौली इंटर खेल मैदान को जिर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

*123 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड के दमुहा पंचायत के दमुहा ग्राम में उत्क्रमित विद्यालय, दमुहा में भवन निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए निविदा भी प्रकाशित की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि प्रशासनिक स्वीकृति एवं निविदा प्रकाशित करने के कई महीने बाद भी आज तक इस विद्यालय का भवन निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे छात्रों एवं शिक्षकों को काफी परेशनी का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र उत्क्रमित विद्यालय दमुहा का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है , यदि हाँ तों कब तक ,?

----

## प्रोन्नति का लाभ कब तक

*124 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अवर शिक्षा सेवा (प्राथमिक शाखा) संवर्ग के पदाधिकारियों का विगत कई वर्षो से ए.सी.पी.एवं एम.ए.सी.पी.प्रान्नति का लाभ अभी तक विभाग में लंबित हैं;

(ख) यदि उपरोक्त खण्डं ‘ क’ का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवर शिक्षा सेवा (प्रथिमिक शाखा) संवर्ग के पदाधिकारियों का प्रोन्नति का लाभ कबतक देना चाहती है ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण कबतक

*125 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखण्ड के सर्वोदय उच्च विद्यालय गजभड़सरा का भवन जीर्ण- शीर्ण अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में छात्रों को काफी असुविधा होती है;

(ग) क्या यह सही है कि दिनारा प्रखण्ड के ही श्री भगवान उच्च विद्यालय, अरथू का भी भवन जीर्ण – शीर्ण अवस्था में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार उक्त दोनों विद्यालयों का भवन बनवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## विद्यालय का निर्माण

*126 **श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड –सिकटा में अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों का पठन-पाठन काफी प्रभावित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार उक्त स्थान पर अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

## नियुक्ति कब तक

*127 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में ग्रुप-A के अतिरिक्त ग्रुप B ग्रुप c और ग्रुप D कर्मचारियों के अधिकाशं पद रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन पदों के रिक्त रहने से काम- काज में बाधा उत्पन्न होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार इन पदों पर नियुक्ति की मंशा रखती है,

यदि हां तो कबतक ?

----

## विद्यालय का नामाकरण

***128 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विद्यालय की स्थापना एवं भवन निर्माण हेतु भूमि दान करने वाले भू-दाता अथवा उनके परिवार के सदस्य का नाम अथवा नामांश विद्यालय के नाम के साथ जोड़ने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि सरस्वती संस्कृत माध्यमिक विद्यालय अथरी प्रखण्ड – रून्नी सैदपुर जिला – सीतामढ़ी के लिए श्री रामाशीष प्रसाद सिंह ने 1.10 एकड़ जमीन दान में दी थी;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के सचिव एवं प्रधानाध्यापक तथा कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा भू- दाता का नाम जोड़ने हेतु पत्राचार के बावजूद भी आज तक अपेक्षित कार्रवाई लम्बित है;

(घ) यदि उपर्यूक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नाम भू-दाता के नाम के साथ ''रामाशीष सरस्वती संस्कृत माध्यमिक विद्यालय''अथरी ,सीतामढ़ी करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई कबतक

***129 श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दिनांक –11.11.2018 को भूटान मंदिर निर्माण के अवसर पर राजगीर में भारतेन्दु कुमार सिंह,सचिव सबेरा कला केंद्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त कार्यक्रम की प्रस्तुति स्तरहीन होने की सूचना तत्कालीन विभागीय प्रधान सचिव को दिया गया था;

(ग) क्या यह सही है कि उपर्युक्त मामले में तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया और जाँचो परांत आरोप सत्य पाया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि आरोप प्रमाणित होने के बावजूद भी राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2023 एवं जी-20 में भी भारतेन्दु कुमार सिंह, सचिव, सबेरा कला केंद्र को ही

संयोजक बनाया गया;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार संयोजक बनाने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है,यदि हां तो कबतक ?

----

## बेंच डेस्क उपलब्ध कराने पर विचार

***130 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत पंचायत राज लाखो में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, लाखो अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में नामंकित छात्रों की संख्या लगभग 1700 है;

(ग) क्या यह सही हैं कि उक्त विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या के अनुपात में छात्रों के बैठने के लिए बेंच-डेस्क की कमी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में नामांकित छात्रों

की संख्या के अनुपात में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने का विचार रखती है,हां तो कबतक नही तो

क्यों ?

----

## विद्यालय का विचार

***131 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही हैं कि नवादा जिला अन्तर्गत नरहट प्रखण्ड पंचायत समिति की दिनांक 03.01.2015 की बैठक में ग्राम शेखपुरा के खानकाह मोहल्ला में प्राथमिक विद्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि नरहट के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 346 दिनांक 04.032015 के द्वारा उक्त विद्यालय खोलने हेतु नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुशंसा की है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के प्राथमिक शिक्षा विभाग ने अपने पत्रांक -1163 दिनाकं 29.02.2016 के संदर्भ में नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने पत्रांक -332/ एस०एस०ए० दिनांक 01.03.2016 द्वारा प्रश्नगत विद्यालय खोलने से संबधित प्रतिवेदन सरकार को समर्पित किया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार प्रश्नागत विद्यालय खोलने का विचार रखती है ;यदि हां तो कबतक?

----

## कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता

*132 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए कस्तूरबा विद्यालय संचालित किए जा रहे है;

(ख) क्या यह सही है कि कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षकों के पद रिक्त है;

(ग) क्या यह सही है कि शिक्षकों के पद रिक्त होने से विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता पर सीधे असर पड़ता है, सरकार इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्या प्रयास कर रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार कस्तूरबा विद्यालयों में शिक्षा क गुणवत्ता में सुधार के लिए क्या प्रयास कर रही है एवं इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का विचार रखती हैं ,यदि हां तो कबतक?

----

## विद्यालय का नाम पूर्ववत् रखने पर विचार

*133 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के कलुबाही प्रखंड की हरीपुर उतर पंचायत के 10+2 उच्च विद्यालय मलमल का नामकरण पहले यदुनंदन ठाकुर उच्च विद्यालय था;

(ख) क्या यह सही है कि 1990 से पहले यदुनंदन ठाकुर उच्च विद्यालय था, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 10+2 उच्च विद्यालय मलमल है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय का नाम पूर्ववत् रखने का विचार रखती है?

----

## योजनाओं का लाभ

***134 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
माननीय मंत्री महोदय क्या यह सही है कि क) मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसैली में वर्ष 2022 में नामांकित छात्र एवं छात्राओं को अब तक मुख्यमंत्री साइकिल योजना का लाभ नहीं मिल सका है।

ख) क्या यह सही है कि बिहार सरकार के द्वारा वर्ष 2020 के नवंबर में राज्य के अधिकांश मध्य विद्यालय को उत्क्रमित विद्यालय में उत्क्रमण किया गया था।

ग) क्या यह सही है कि योजनाओं के लाम हेतु उच्च विद्यालय को यू डाइस कोड बिहार सरकार के द्वारा जारी की जाती है। घ) क्या यह सही है कि मेधा सॉफ्ट पोर्टल 2020-2021 पर आवेदन के लिए 4/3/2021 अंतिम तिथि था। ङ) क्या यू डाइस कोड के लिए विलंम से अप्लाई करने के लिए सरकार उपयुक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करना

चाहती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

च) उपरोक्त सभी खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं को इस योजनाओं का

लाभ देना चाहती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

***135 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत मोकामा नगर परिषद् स्थित रेलवे एडेड 10+2 हाई स्कूल, मोकामाघाट में राष्ट्रकवि स्व रामधारी सिंह दिनकर ने पढ़ाई की थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराया गया है परन्तु चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण है जिससे स्टेडियम का उपयोग नहीं हो पाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त

विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है,यदि हां तो कबतक?

----

## विश्वविद्यालय में पढ़ाई

***136 प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार देश का सर्वाधिक आपदा प्रभावित राज्य है, यहाँ प्रतिवर्ष विभिन्न आपदाओं जैसे- बाढ़, ठनका, सड़क दुर्घटना, भूकंप, सुखाड़, लू, शीतलहर, पेयजल संकट, डूबने से मौत जैसी प्राकृतिक आपदाओं आदि से अरबों रुपये की क्षति एवं हजारों मौतें हो रही हैं?

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आपदाओं जैसी समस्या के निराकरण हेतु भारत सरकार ने NIDM(नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट) एक मॉडल पाठ्यक्रम तैयार किया है;

(ग) क्या यह सही है कि U.G.C ने बिहार के सभी कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन की पढा़ई शुरू कराने का निर्देश 2022 में ही दिया है,इसके लिए राज्यपाल के प्रधान सचिव के द्वारा कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक कर सिलेबस तैयार करने का निदेश भी हुआ लेकिन अबतक कोई निर्णय नहीं हो सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आपदा प्रबंधन विषय का सिलेबस तैयार करते हुए बिहार के विश्वविद्यालय में पढा़ई शुरू कराकर आगामी BET परीक्षा में इस विषय को अविलम्ब शामिल करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक?

----

## उच्च विद्यालय स्थापित कबतक

***137 श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिवान सदर पंचायत के हसनपुरवा में आज तक उच्च विद्यालय नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि सिवान जिला के हसनपुरवा में लड़के लड़कियों को विद्यालय के अभाव में सिवान शहर में जाना पडता है जिससे काफी कठिनाईयों का सामना करना पडता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय नहीं होने के कारण लगभग दस हजार

आबादी वाले लड़के – लड़कियों को शिक्षा से बंचित होना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार जनहित में दस हजार आबादी वालें क्षेत्र में उच्च विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा बाईलॉज का अनुपालन

*138 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण अपने बाईलॉज के मुताबिक कार्य कर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने कई महीनों तक बिना किसी सक्षम पदाधिकारी के अनुमति से बिहार खेल विकास प्राधिकरण (स्पोटर्स डेवलपमेंट ऑथोरिटी ऑफ बिहार) नामक नई संस्था बनाकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार खेलकूद अधिनियम, 2013से निबंधित न रहने वाले खेल संघों एवं संस्थानों को सरकार द्वारा सहायता राशि देनरे का प्रावधान न होते हुए भी उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में करोड़ों का व्यय कर रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खेलकूद अधिनियम, 2013 एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बाईलॉज का अनुपालन करते हुए समान भाव से सभी संबद्धता प्राप्त खेल संघों को प्रोत्साहित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ठोस कार्रवाई

*139 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **खान एवं भूतत्व** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला में किसानों को अपने निजी खेत से मिट्टी निकाल कर घर –आँगन भराने में काफी कठिनाई होती है

(ख) क्या यह सही है कि जैसे ही किसान अपने खेत में मिट्टी निकालने का प्रयास करते हैं स्थानीय थाना की पुलिस आकर उनकी पकड़ –धकड़ करने लगती है और यहां तक कि खनन की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडित करना आंरभ कर देती है;

(ग) क्या यह सही है कि किसानों के लिए अपने खेत की मिट्टी छूना भी दंड का कारण बनता जा रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि स्थानीय अधिकारियों को खनन हेतु कार्य और निजी कार्य अंतर नहीं बताया गया है जिसके कारण सभी पक्ष परेशान है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार किसानों की समस्या दूर करने हेतु ठोस कार्रवाई करना चारती है,यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## फुटबॉल खिलाडि़यों की नौकरी

*140 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के आधार पर सरकारी नौकरी देना शुरू किया है;

(ख) क्या यह सही है कि हाल में ही 81 खिलाडि़यों को राज्य सरकार ने सरकारी नौकरी प्रदान किया है;

(ग) क्या यह सहीं है कि नेशनल लेवल की महिला फुटबॉल खिलाड़ी नेहा कुमारी एवं स्टेट लेवल की अंजली कुमारी तथा बिहार सरकार से 50,000/-रूपये का पुरस्कार प्राप्त क्षुति कुमारी एवं पायल कुमारी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि फुटबॉल खिलाडि़यों को सरकारी नौकरी देना चाहती है, यदि हॉं तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय में कक्ष का निर्माण

*141 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर प्रखंड के मऊ धनेशपुर पंचायत अंतर्गत दमदमा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस विद्यालय में कक्षा 01 से पांच के बच्चे पढ़ते हैं और इनके लिए मध्याह्न भोजन भी संचालित होता है;

(ग) क्या यह सही है कि दो कमरे में पांच अलग-अलग कक्षा की पढ़ाई कैसे होती है एवं बच्चों को स्वच्छ खाने के लिए चाहरदीवारी के अन्दर भोजन निर्माण होता है, मध्याह्न भोजन की सामग्री रखने की कोई व्यवस्था है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि पढ़ाई कार्यालय भंडार गृह एवं रसोई घर आदि के लिए आवश्यक भवन निर्माण कबतक कराना चाहती है?

----

## आवास भत्ता का भुगतान

*142 **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया)ः**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नगर परिषद के अंतर्गत सभी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को 8%की दर से आवास भत्ता का भुगतान करने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिले के टिकारी नगर परिषद अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के आवास भत्ता का भुगतान निर्धारित दर (8%)से नहीं किया जा रहा है, जबकि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के आवास भत्ता का भुगतान 8%की दर से किया जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त नगर परिषद अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के आवास भत्ता का भुगतान निर्धारित दर 8%से करना चाहती है ,यदि हाँ तो कबतक ?

----

## स्टेडियम का निर्माण

*143 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खेलो इंडिया योजना अन्तर्गत स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना अन्तर्गत लगभग 35 योजनाओं का प्रस्ताव बनाकर केन्द्र के पास भेजा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2007 में 12 हजार लोक शिक्षक को 20 प्रतिशत वेटेज पर रखा गया शेष को छोड़ दिया गया है

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना की स्वीकृति हेतु केन्द्र से पहल करेगी, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## अवोघ खनन पर रोक

*144 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **खान एवं भूतत्व** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिले के मदनगंज प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर एवं मंडई के पास मिट्टी खनन का केंद्र है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वर्णित खनन केंद्र के पास तेजी से मिट्टी का अवैध खनन कराया जा रहा है, अवैध खनन होने के कारण सरकारी राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार, मिट्टी के हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाते हुए सरकारी राजस्व की भारी क्षति को बचाना चाहती है , यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## लोक शिक्षकों की बहाली

*145 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2003 से 2006 के बीच विद्यमान प्राथमिक विद्यालय से 1 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित गांव में लोक शिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि लोक शिक्षण केन्द्र में अध्यापन हेतु तकरीबन 22 हजार लोक शिक्षक की बहाली शिक्षा मित्र के तर्ज पर की गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2007 में 12 हजार लोक शिक्षक को 20 प्रतिशत वेटेज पर रखा गया शेष को छोड़ दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि पटना उच्च न्यायालय में लोक शिक्षकों की ओर से दायरCWJC – 1109/2017 में शिक्षा मित्र के समान बहाली के आदेश देने पर सरकार LPA संख्या – 637/2019 दायर किया, जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय उच्च न्यायालय, पटना के CWJC 1109/2017 में पारित न्याय निर्णय का अनुशरण कर लोक शिक्षकों की बहाली शिक्षा मित्र के अनुरूप करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भुगतान कबतक

*146 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **खान एवं भूतत्व** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, जमुई के पत्रांक – 35, दिनांक – 29.04.2018 द्वारा डिपो प्रबन्धक, बी.एस.एम.सी.लि., जमुई में महाप्रबंधक, वित्त (ऑपरेशन) बी.एस.एम.सी.लि., पटना को श्री सुनील कुमार सिंह को डीलर कमीशन भुगतान हेतु प्रेषित किया था;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित डीलर द्वारा माह फरवरी, 2018 से मार्च 2018 तक विहित पत्र में कमीशन की मांग की गई जिसका अवलोकन जांच अद्योहस्ताक्षरी द्वारा डीलर स्टेटमेंट एवं अभिलेख से किया गया है लेकिन कमीशन भुगतान इनका अबतक नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित डीलर कमीशन का भुगतान यथाशीघ्र कराना चाहती है , यदि हां तो कबतक?

----

## नये भवन का निर्माण

*147 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा में अवस्थित देवी मंगल उच्च विद्यालय, बगहा की दो मंजिला टीन का भवन अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय भवन जर्जर रहने के कारण हमेशा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एवं शिक्षकेतर कर्मियों को भी किसी अप्रिय घटना की शंका बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित विद्यालय के नये भवन का निर्माण कराना चाहती है , यदि हां तो कबतक?

----